हरिभूमि
# हिसार भूमि
रोहतक, मंगलवार, 9 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 26 .0 डिग्री

12 राशन डिपो पर जांच के लिए पहुंची सीएम फ्लाइंग टीम



12 समाधान शिविर पहुंचा जमीन के ऑनलाइन रिकॉर्ड गड़बड़ी मामला



# बारिश नहीं होने से कुछ राहत, जलभराव वाले इलाकों में बचाव कार्य हुआ तेज

## क्षतिपूर्ति पोर्टल पर अब तक 40 हजार से अधिक किसानों ने अढ़ाई लाख एकड़ भूमि में फसल नुकसान का कराया पंजीकरण







हिसार। जलभराव वाले क्षेत्रों का दौरा कर प्रबंधों की समीक्षा करते मंडलायुक्त अशोक कुमार गर्ग तथा उपायुक्त अनीश यादव व कैमरी रोड वार्ड 18 की श्याम एंक्लेव में जलभराव दिखाते कॉलोनीवासी व गांव सीसवाला माइनर के साथ लगते खेत पानी से लबालब।

## जिले में माइनर और ड्रेन अभी भी ओवरफ्लो, प्रशासन ने बढ़ाई निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जिले में सोमवार को बारिश नहीं होने से प्रशासन व जलभराव से प्रभावित लोगों ने कुछ राहत की सांस ली। जिले के जिन एरिया में बाढ़ जैसे हालात पैदा हुए है, वहां पर जल निकासी के कार्यों युद्धस्तर पर तेज कर दिए गए हैं।

जिले के करीब दो दर्जन गांवों ऐसे हैं, जहां जनजीवन बिल्कुल अस्त-व्यस्त हो चुका है। फसल चौपट हो चुकी है। विभिन्न गांवों की ढाणियों में रहने वाले 100 से अधिक परिवार पलायन कर चुके हैं। उधर, जिले में माइनर और ड्रेन अभी भी ओवरफ्लो चल रही है, इसको देखते प्रशासन ने निगरानी बढ़ाई हुई।

इसके अलावा सरकार की तरफ से किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला है। इस पोर्टल पर किसान अपनी खराब हुई फसलों का विवरण अपलोड कर सकते हैं। अब तक जिले के 276 गांवों के 40 हजार 433 किसानों द्वारा लगभग 2 लाख 55 हजार 491 एकड़ भूमि में फसल नुकसान का पंजीकरण किया जा चुका है।

### मंडलायुक्त ने दिए तेज गति से जल निकासी के निर्देश

मंडलायुक्त अशोक कुमार गर्ग तथा उपायुक्त अनीश यादव ने सोमवार को गांव लितानी का दौरा किया और वहां बारिश के कारण बने जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान मंडलायुक्त ने जल निकासी को लेकर किए गए प्रबंधन की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों द्वारा मंडलायुक्त को अवगत करवाया गया कि गांव से पानी निकालने के हर संभव प्रयास जारी हैं। इस पर मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि जल निकासी की गति बढ़ाने के लिए तुरंत प्रभाव से 2 बीटी और 3 ईपीए पंपसेट लगाए जाएं, साथ ही अतिरिक्त 4 मोटरों की खरीद व किराए पर भी व्यवस्था की जाए।

### बिठमड़ा में मकान की छत गिरी बाल-बाल बचा परिवार

*उकलाना। क्षेत्र के गांव बिठमड़ा में रविवार रात एक बड़ा हादसा होते- होते टल गया। अचानक एक मकान की छत गिर गई। गमीनत रही कि परिवार के सदस्य बाहर निकल आए और उनकी जान बच गई। पीड़ति ने सरकार से मुआवजे की मांग की है ताकि वे दोबारा अपना आशियाना बना सकें। पिछले कई दिनों से हो रही भारी बारिश से मकानों की दीवार और नींव में पानी भर गया था। नींव कमजोर होने से पुराने मकानों में दरारें आ रही हैं। कई घरों की नींव दरक गई है। देर करीब 3 बजे बिठमड़ा गांव में मकान की छत से तेज आवाज आई। मकान स्वामी कृष्ण कुमार ने तुरंत ही परिवार को उठाया। सभी मकान के बाहर चले गए। पास में ही बने छोटे भाई नना राम के मकान में सो रहे उसके परिवार को भी सुरक्षा की दृष्टि से बाहर निकाल लिया। कृष्ण कुमार ने बताया कि जैसे ही सभी सुरक्षित स्थान पर पहुंचे, कुछ ही देर में छत जोरदार धमाके के साथ भरभरा कर नीचे गिर गई। मलबे में घर का सामान भी दब गया। अब पूरा मकान रहने लायक नहीं बचा है। परिवार का कहना है कि यदि उन्हें समय रहते आवाज सुनाई देती तो बड़ा हादसा हो सकता था। पूरा परिवार मलबे के नीचे दबकर अपनी जान गंवा सकता था।*

### गर्ग ने जरूरतों की ली जानकारी

मंडलायुक्त अशोक कुमार गर्ग ने ग्रामीणों से मुलाकात कर पीने के पानी, स्वास्थ्य सुविधाओं और अन्य मूलभूत जरूरतों की जानकारी ली। उन्होंने मच्छरों से होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए गांव में तुरंत फॉगिंग करवाने के निर्देश दिए। स्कूलों में पानी भरने की समस्या पर उन्होंने कहा कि छात्रों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए उन्हें अस्थायी तौर पर अन्य स्कूलों में शिफ्ट किया जाए। इस मौके पर बरवाला एसडीएम डॉ. वेद प्रकाश बेनीवाल, नारनौंद एसडीएम विकास यादव, पूर्व मंत्री अनूप धानक, तहसीलदार राहुल, बिजली, सिंचाई व पंचायत विभाग के अधिकारी, सरपंच बलवान सिंह तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को कोई तकलीफ न होने देंगे : एसडीएम

एसडीएम विकास यादव ने बताया कि गांव में पानी ज्यादा जमा हो गया था। इसको निकालने के लिए ड्रेन का निर्माण माइनर के लगती सिंचाई विभाग की जमीन में किया जा रहा हैं। रात तक इस ड्रेन से पानी निकालना शुरू हो जाएगा। और पाइपलाइन भी बिछाई जा रही है। ग्रामीणों को किसी प्रकार की कोई तकलीफ न हो इसके लिए प्रशासन पूरे अमले के साथ पानी निकालने में जुटा हुआ है।



हिसार। गांव लितानी में जलभराव से बाढ़ जैसे हालात।

### फसल से लेकर मकान तक हर नुकसान की भरपाई होगी : रणबीर गंगवा

*हिसार। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में भारी बारिश और ड्रेन टूटने से किसानों की फसलों व लोगों की संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार किसानों और आमजन को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं आने देगी तथा हर प्रभावित व्यक्ति को शीघ्र राहत पहुंचाई जाएगी। उन्होंने बताया कि किसानों के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार ने ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल खोला है। इस पोर्टल पर किसान अपनी खराब हुई फसलों का विवरण अपलोड कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब तक जिले के 276 गांवों के 40 हजार 433 किसानों द्वारा लगभग 2 लाख 55 हजार 491 एकड़ भूमि में फसल नुकसान का पंजीकरण किया जा चुका है। सरकार शीघ्र ही इन दावों की जांच पूरी कर किसानों को मुआवजा राशि उपलब्ध करवाने की प्रक्रिया शुरू करेगी। कैबिनेट मंत्री रणबीर सिंह गंगवा ने कहा कि केवल किसानों ही नहीं, बल्कि जिन लोगों के मकानों या छतों को नुकसान पहुंचा है, उनको भी राहत दी जाएगी।*

### गुराना में पानी निकालने के लिए प्रशासन ने ड्रेन का निर्माण किया शुरू

*नारनौंद। गांव गुराना में बाढ़ के पानी को निकालना को लेकर हिंसा की घटना के बाद प्रशासन हरकत में आया हुआ है और पानी को निकालने के लिए बीटी सहित अस्थाई ड्रेन बनाने का निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। सोमवार को जिला उपायुक्त अनीश यादव दौरा के लिए ड्रेन पर पहुंचे। एहतिहात के तौर पर पुलिस बल भी तैनात किया गया है। गांव गुराना में सिंघवा राघों माइनर टूट जाने से पानी गांव खानपुर, सिंधड़ और सिंघवा राघों की तरफ आना शुरू हो गया था। तीनों गांव ने इसका विरोध किया और इसी को लेकर दोनों पक्षों में शनिवार की रात की हिंसक झड़प हो गई थी। उसके बाद प्रशासन ने माइनर को बंद करवा दिया था। गुराना गांव के लोगों से प्रशासन ने कहा था कि जल्द ही गांव का पानी निकाल दिया जाएगा। उसके बाद प्रशासन में तुरंत प्रभाव से एक्शन लिया। रविवार को ही बीटी लगाकर सिंघवा माइनर के रास्ते पानी निकालने की कवायद शुरू कर दी थी। पानी ज्यादा होने के कारण प्रशासन ने फैसला लिया कि करीब दो किलोमीटर लंबी अस्थाई ड्रेन बनकर इस पानी निकालने का काम किया जाएगा तो प्रशासन की तरफ से ड्रेन खोदने का काम शुरू हो चुका है।*

## खबर संक्षेप

### पोषण माह को लेकर बैठक आज

हिसार। पोषण अभियान के अंतर्गत 12 सितंबर से 11 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले पोषण माह की तैयारियों को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा की अध्यक्षता में 9 सितंबर को 11 बजे अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय में एक बैठक का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा ने बताया कि बैठक में पोषण अभियान से जुड़े सभी सदस्यगण शामिल होंगे। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों एवं सदस्यों से अपील करते हुए कहा कि वे निर्धारित तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित होकर अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दें।

### पर्वतारोही महेश का दयानंद महाविद्यालय में स्वागत

हिसार। दयानंद कॉलेज में पर्वतारोही महेश का महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर व माला पहनाकर स्वागत किया। महेश कुमार ने हिमाचल के माउंट मणिरंग जिसकी ऊचाई 6593 मीटर है, पर चढ़ाई कर भारत का तिरंगा फहराने के साथ-साथ सूर्य नमस्कार कर वल्ड रिकॉर्ड बनाया। महेश, हिमाचल प्रदेश के कन्नूर और लाहौर-स्पीति की सीमा पर स्थित मणिरंग चोटी पर माइन्स 7 डिग्री तापमान और आक्सीजन की कमी जैसी चुनौतियों का सामना करते हुए यह कारनाम करने वाले दुनिया के पहले पर्वतारोही हैं।

### गुजवि की 32वीं रैंक आने पर कुलपति को दी बधाई

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विश्वविद्यालय गैर शिक्षक कर्मचारी कल्याण संघ के प्रधान एवं ऑल हरियाणा विश्वविद्यालय कर्मचारी फेडरेशन के चेयरमैन चरणदास अठवाल के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई से मुलाकात की। उन्होंने कुलपति से मिलकर विश्वविद्यालय को एनआईआरएफ रैंकिंग 2025 में देश के राज्य सावर्जनिक विश्वविद्यालयों में प्रतिष्ठित 32वीं रैंक हासिल करने व हरियाणा प्रदेश के विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान मिलने पर बधाई व शुभकामनाएं दी।

### जनता की बिना भेदभाव मदद करें शासन-प्रशासन

हिसार। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष दलबीर किरमारा ने कहा है कि राज्य के अधिकतर हिस्सों में जलभराव से पैदा हुई स्थिति में सरकार व प्रशासन को बिना किसी भेदभाव पीड़ितों की मदद करनी चाहिए। इसके साथ ही विपक्ष को भी इस आपदा की घड़ी में पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाना चाहिए। दलबीर किरमारा ने कहा कि राज्य के अधिकतर हिस्सों में जलभराव की वजह से ग्रामीण क्षेत्रों में न केवल फसलें खराब हो गई है बल्कि मकान भी ध्वस्त या क्षतिग्रस्त हो गए हैं।

## तीन अवैध पिस्तोल और दो कारतूस सहित दो गिरफ्तार

- अवैध हथियारों को लेकर पुलिस हुई सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अवैध हथियारों पर सख्त कार्रवाई करते हुए पुलिस की एबीवीटी टीम ने दो अपराधी किस्म के व्यक्तियों को काबू कर उनके कब्जे से तीन अवैध पिस्तोल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए। टीम प्रभारी उप निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि पुलिस टीम ने गश्त के दौरान थर्मल माइनर, अग्रोहा रोड खेदड़ पर एक युवक को शक के आधार पर रोका। उससे पूछताछ की तो उसने अपना नाम लोहारी राघो निवासी बलजीत उर्फ धोला बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से दो अवैध पिस्तोल और दो कारतूस बरामद हुए। इसी प्रकार गश्त के दौरान बधावड़ रोड टी-प्वाइंट पर गांव बधावड़ की तरफ से आ रहे एक युवक को शक के आधार पर रोका गया। पूछताछ में उसने अपना नाम सिसाय निवासी सुनील उर्फ सोनू बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तोल बरामद हुआ। दोनों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ बरवाला थाना में केस दर्ज कर लिए गए हैं। टीम प्रभारी ने बताया कि दोनों आरोपी अपराधी किस्म के हैं और पहले भी कई संगीन वारदातों में शामिल रह चुके हैं। आरोपी बलजीत उर्फ धोला पर हत्या प्रयास, लूट, चोरी और आर्म्स एक्ट के तहत थाना बरवाला और शहर जींद में पांच केस दर्ज हैं। इसी तरह सुनील उर्फ सोनू पर गिरोहबंदी, लूट, हत्या प्रयास और आर्म्स एक्ट के तहत थाना नारनौद, सिविल लाइन हिसार, सदर हिसार, मुनक (पंजाब), महेंद्रगढ़, सदर व शहर हांसी में 10 केस दर्ज हैं।

## जलभराव की समस्याओं का लगा अंबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

» शिकायतों पर अधिकारियों को पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश

अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने सोमवार को जिला सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं। शिविर में परिवार पहचान पत्र, बीपीएल कार्ड, बिजली-पानी, सीवरेज, जल निकासी व अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुई। उन्होंने प्राप्त शिकायतों पर अधिकारियों को पूरी गंभीरता और तत्परता के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

समाधान शिविर में अमरदीप कालोनी में सीवरेज ब्लॉक खुलवाने तथा डोगरान मोहल्ले में बरसात के कारण हुए जलभराव की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों को उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। हाउसिंग बोर्ड कालोनी निवासी ओमप्रकाश की घर के आगे से बिजली का पोल हटवाने की शिकायत पर अतिरिक्त उपायुक्त ने बिजली निगम के अधिकारियों को मौका मुआयना कर प्रार्थी के समक्ष आ रही समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उमेद विहार कॉलोनी निवासी भतेरी देवी ने समाधान शिविर में शिकायत देते हुए बताया कि बरसात के कारण उनके मकान में दरारें आ गई है।

समाधान शिविर



हिसार। जनशिकायतें सुनती अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा।

### जलभराव से घरों में नुकसान

इसी प्रकार गांव सातरोड कलां के ग्रामीणों ने समाधान शिविर में बरसात से हुए जलभराव के कारण घरों को हुए नुकसान की भरपाई करवाने बारे निवेदन किया, जिस पर अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि सरकार के दिशा निर्देशानुसार सर्वे करवाकर नुकसान का आंकलन किया जाएगा, इसके बाद आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों ने अतिरिक्त उपायुक्त को अवगत करवाया कि 3-4 परिवार अब भी जलभराव वाले क्षेत्रों में रह रहे है। समाधान शिविर में हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, नगराधीश हरिराम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अनाज मंडी में जुआ खेलते 10 गिरफ्तार

- तीन लाख 74 से अधिक बरामद

हिसार। शहर पुलिस ने अनाज मंडी स्थित एक मकान में छापेमारी कर जुआ खेलते 10 व्यक्तियों को काबू किया। मौके से 3 लाख 74 हजार 60 रुपये की नकदी व ताश के पत्ते बरामद किए हैं। उप निरीक्षक रजत ने बताया कि पुलिस टीम को गश्त के दौरान सूचना मिली कि अनाज मंडी स्थित एक मकान में 10-12 व्यक्ति जुआ खेल रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम ने मौके पर छापा मारा और 10 व्यक्तियों को काबू किया। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की पहचान ठसका निवासी बलजीत, स्याहड़वा निवासी दलबीर, मंडी आदमपुर निवासी संजय, सुलखनी निवासी पवन, पटेल नगर निवासी राजेन्द्र, बड़वाली ढाणी निवासी राजेश, अर्बन एस्टेट निवासी सुशील, सेक्टर 14 निवासी विनय, डीएन कॉलेज रोड निवासी दीपक व समैन गांव निवासी अशोक के रूप में हुई है।

## पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए हिसार से भेजी सामग्री

- हरियाणा ने पड़ोसी राज्य के साथ एकजुटता दिखाते हुए मदद का हाथ बढ़ाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पंजाब में लगातार भारी बरसात और बाढ़ से उत्पन्न हालात ने वहां के अमृतसर, फिरोजपुर सहित कई अन्य जिले से पानी से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। ऐसे समय में हरियाणा ने पड़ोसी राज्य के साथ एकजुटता दिखाते हुए मदद का हाथ बढ़ाया है। इसी कड़ी में सोमवार को हिसार से मेयर प्रवीण पोपली ने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हिसार शाखा की ओर से राहत सामग्री से भरे 2 ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर चंडीगढ़ के लिए रवाना किया। ये सामग्री भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा के माध्यम से सीधे प्रभावित जिलों तक पहुंचाई जाएगी। मेयर प्रवीण पोपली ने इस मौके पर कहा कि पंजाब के लोगों पर आई इस प्राकृतिक आपदा की घड़ी में हिसारवासी उनके साथ खड़े हैं। उन्होंने बताया कि राहत सामग्री में खाद्यान्न, पैकेज्ड फूड, दवाइयां और दैनिक जरूरत का अन्य सामान शामिल है, जिससे प्रभावित परिवारों को राहत मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पहले ही पंजाब के लिए आर्थिक सहायता की घोषणा कर चुके हैं।



हिसार। चंडीगढ़ में भारी बरसात के कारण से प्रभावित हुए लोगों के लिए राहत सामग्री ट्रक रवाना करते हिसार मेयर प्रवीण पोपली।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर जिलाध्यक्ष तजेन्द्र पाल सिंह, महासचिव हरिकृष्ण खन्ना, कोषाध्यक्ष सतीश रोरा, उप-प्रधान उरेन्द्र सिंह सचदेवा, रेडक्रॉस सचिव रविन्द्र लोहान, अनिल पोपली, राजकुमार पाहवा, सुरेन्द्र ठकराल, भूपेन्द्र मल्हान, रमेश कालड़ा, विपिन जैन, साहिल खन्ना सहित अनेक गणमान्य सदस्य मौजूद रहे।

### डीसी ने अधिकारियों को आवश्यक औपचारिकताएं जल्द पूरी करने के दिए निर्देश

## गांव तलवंडी राणा तक नए रास्ते के निर्माण को लेकर डीसी ने अधिकारियों संग किया मंथन

बैठक में तलवंडी राणा के सरपंच तथा ग्रामीण रहे उपस्थित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट की चारदीवारी के पास से गांव तलवंडी राणा तक नए रास्ते के निर्माण को लेकर सोमवार को उपायुक्त अनीश यादव की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, ग्राम पंचायत तलवंडी राणा के सरपंच तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान सरपंच ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि वर्तमान में गांव तलवंडी राणा से एयरपोर्ट की जमीन पर बने वैकल्पिक रास्ते से ग्रामीणों को आवागमन करना पड़ता है। ऐसे में ग्रामीणों की सुविधा और स्थायी समाधान के लिए सरकारी भूमि पर नया रास्ता बनाया जाना आवश्यक है। ग्रामीणों ने उपायुक्त से आग्रह किया कि इस मामले में शीघ्र कार्रवाई की जाए ताकि लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। उपायुक्त अनीश यादव ने सिविल एविएशन और वन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक औपचारिकताएं जल्द पूरी करने और जमीन स्थानांतरण की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एनओसी जारी करने संबंधी कार्यवाही भी समय पर पूरी की जाए, ताकि रास्ते का निर्माण कार्य बिना किसी देरी के शुरू किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का उद्देश्य ग्रामीणों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाना है और इस दिशा में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में हिसार एसडीएम ज्योति मित्तल, सीईओ एचएडीसी जेएस बलहारा, जिला वन अधिकारी रोहताश बिरथल, प्रोटोकॉल ऑफिसर सतपाल आर्या, पीडब्लयूडी एसडीई अरूण कुमार, तलवंडी राणा के सरपंच दयाल सिंह आदि मौजूद रहे।



- उपायुक्त को बताया कि वर्तमान में गांव तलवंडी राणा से एयरपोर्ट की जमीन पर बने वैकल्पिक रास्ते से ग्रामीणों को आवागमन करना पड़ता है

हिसार। बैठक में दिशा-निर्देश देते उपायुक्त अनीश यादव। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि सहेली




# लैट रिलेशनशिप

## दूर रह कर साथ रहने का अहसास

लैट रिलेशन यानी दूर रहकर भी करीब रहने के अहसास के साथ रिश्ता बनाए रखने का चलन, तकनीकी सुविधाएं बढ़ने के बाद अपने देश-समाज में बढ़ रहा है। हालांकि इस तरह रिश्ते निभाने में कई तरह की सहूलियतें मिलती हैं लेकिन इसमें कुछ चुनौतियों का भी सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह रिश्ता तभी सहज ढंग से चल सकता है, जब पति-पत्नी दोनों इसके लिए मानसिक रूप से तैयार हों।

कवर स्टोरी

सरस्वती रमेश

हमारे समाज में शादी के बाद पति-पत्नी अमूमन साथ रहते हैं। अगर पति शहर के बाहर नौकरी या बिजनेस करता है तो शादी होते ही या कुछ समय बाद पत्नी भी उसके पास जाकर रहने लगती है। चाहे पत्नी को इसके लिए अपनी नौकरी ही क्यों न छोड़नी पड़े। कम से कम 90 प्रतिशत मामले में ऐसा ही होता रहा है। असल में शादी का मतलब ही होता है एक-दूसरे के साथ रहना और साथ निभाना। लेकिन आज के दौर में विवाह की यह पारंपरिक सोच बदल रही है। इस नई सोच के मुताबिक पति-पत्नी एक-दूसरे का साथ जरूर निभा रहे हैं, लेकिन एक-दूसरे के साथ रहे बिना। जी हां, लिविंग अपार्ट टुगेदर (लैट) यानी दूर रह कर साथ रहना, आजकल के शादी-शुदा कपल्स के बीच तेजी से बढ़ता ट्रेंड है। वैसे तो यह अवधारणा पश्चिमी देशों से आयातित है। लेकिन हमारे देश में भी यह तेजी से बढ़ रहा है।

**क्या है लैट रिलेशन:** जब शादीशुदा जोड़े शारीरिक रूप से एक साथ रहने की बजाय दूसरे शहर, राज्य या देश में रहकर भी दांपत्य रिश्ते में बंधे रहना स्वीकार करते हैं तो इसे लैट रिलेशनशिप कहा जाता है। अब तो कपल्स एक ही शहर में अलग-अलग घरों में रहने का विकल्प भी चुन रहे हैं। कई बार साथ रहने की सुलभता के बावजूद दूर रहना वो स्वेच्छा से चुन रहे हैं। इसके पीछे का तर्क यह दिया जा रहा है कि इससे उनके रिश्ते में नई ऊर्जा मिलती रहेगी। किसी से कभी-कभी मुलाकात होने पर हम उससे अतिरिक्त उत्साह से मिलते हैं, जबकि रोज मिलने वालों के साथ मिलने का उत्साह खत्म-सा हो जाता है। लेकिन यह लैट रिलेशन का कोई अकेला कारण नहीं है, और भी वजहें हैं।

**ट्रेंड बढ़ने की वजहें:** कई शोधों से यह साबित हो चुका है कि आज की पीढ़ी में सहन करने की क्षमता कम हुई है। उनमें छोटी-छोटी बातों को लेकर एग्रेशन बढ़ा है। पति-पत्नी को भी गीला तौलिया बेड पर रखने, एसी का टेंपरेचर कम/ज्यादा करने या घर के छोटे-मोटे कामों के बंटवारे को लेकर झगड़ते हुए देखा जा सकता है। पश्चिमी देशों में लैट रिलेशन की यह भी एक बड़ी वजह है, लेकिन हमारे देश में इसकी बड़ी वजह है, पति-पत्नी के करियर और जॉब से जुड़ी जरूरतें। ज्यादातर मामलों में पति और पत्नी अलग-अलग प्रोफेशन से जुड़े होते हैं। उनकी जरूरतें, ऑफिस टाइमिंग, वर्किंग फील्ड सब कुछ अलग होता है। एक समय ऐसी परिस्थिति में पत्नी सहजता से अपनी नौकरी छोड़ कर अपने पति के साथ रहना स्वीकार कर लेती थी। आज भी अधिकतर मामलों में ऐसा ही होता है, लेकिन अपने करियर के लिए समर्पित महिलाएं शादी के बाद भी अब जॉब छोड़ना स्वीकार नहीं कर रही हैं। बल्कि पति से दूर रहकर अपने सपनों को पूरा करने में लगी हुई हैं। पति भी अपने जीवन साथी की भावनाओं को समझते हुए उन्हें ऐसा करने में सहयोग कर रहे हैं। रिश्तों को निभाने के लिए पारंपरिक शर्तें अब कोई शर्त नहीं रही। जोड़े अब अपनी सुविधा से अपने नियम बना रहे हैं। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि दूरी एक-दूसरे के प्रति लगाव और प्रशंसा की भावना बढ़ाती है।

**खुद पर फोकस:** ज्यादातर मामलों में पति-पत्नी का नेचर, पसंद, हॉबीज, जिंदगी के प्रति नजरिया सब अलग-अलग होते हैं। शादी के बाद अमूमन हर व्यक्ति को अपने पार्टनर का ख्याल रखना पड़ता है, चाहे वह स्त्री हो या पुरुष। जैसे पसंद का खाना, हॉबीज, मत, जरूरतें आदि। ऐसे में खुद की इच्छा कहीं पीछे छूट जाती है। लेकिन लैट रिलेशन में व्यक्ति खुद पर पूरा फोकस करता है, साथ ही अपने पार्टनर को खुद पर फोकस करने का पूरा मौका भी देता है। इसके अलावा आज की पीढ़ी के लिए पर्सनल स्पेस एक बड़ी जरूरत बन चुकी है। संयुक्त या एकल परिवारों में रह रहे महिला और पुरुष भी अब पर्सनल स्पेस चाहते हैं। थोड़ा या कुछ ज्यादा समय, जो सिर्फ उनका हो। ऐसी परिस्थितियां जिनमें शारीरिक या भावनात्मक रूप से किसी की टोका-टोकी या खलल न हो, वे अपनी मर्जी से जी सकें। व्यक्तित्व के समुचित विकास के लिए आज यह पर्सनल स्पेस काफी महत्वपूर्ण बन चुका है। लैट रिलेशन में रह रहे जोड़ों की बिन मांगे यह मुराद पूरी हो रही है।

**विदेश में शादियां:** अब मध्यवर्ग की लड़कियां भी एनआरआई दूल्हे के सपने देख रही हैं। लेकिन यदि लड़की अपने देश में ही किसी अच्छी जॉब में है तो शादी के बाद भी यहीं रुकना उसकी मजबूरी है। ऐसे कपल्स दूर रहकर भी लैट रिलेशन में अपने रिश्ते को बनाए रखते हैं। बीच-बीच में कुछ समय साथ बिताते हैं और फिर अलग हो जाते हैं। ऐसे संबंधों का सबसे बड़ा फायदा यह है कि जब जीवन साथी साथ न रहे, तो जिम्मेदारियों, काम के बंटवारे को लेकर बार-बार की एडजस्टमेंट नहीं करनी पड़ती। इससे किटपिट कम होती है। साथ ही यदि कोई लड़की शादी के बाद भी अपने माता-पिता के साथ रहकर उनकी देखभाल करना चाहे तो इस रिलेशन में रहकर वह कर सकती है।

**चुनौतियां:** अलग-अलग रहकर साथ होने के अपने नुकसान भी हैं। लैट रिलेशन कुछ खास तरह के जोड़ों के लिए उपयोगी हो सकता है, लेकिन ज्यादातर के लिए नहीं।

**आर्थिक भार:** पहली बात तो यह कि ऐसी अवधारणा को मूर्त रूप सिर्फ अमीर लोग ही दे सकते हैं। दो घर यानी दो अलग-अलग गृहस्थियां चलाना महंगा पड़ता है। लैट रिलेशन में पति-पत्नी अपने इनकम को पूरी तरह अपने मुताबिक खर्च कर सकते हैं, लेकिन आगे परिवार बढ़ाने की प्लानिंग और बचत जैसे मुद्दों पर एक-दूसरे का आर्थिक सहयोग और साथ चाहिए होता है। दूसरी बात, इस तरह लंबे समय तक रहना व्यावहारिक नहीं जान पड़ता।

**भावनात्मक दूरी:** कहते हैं पति-पत्नी के बीच छोटी-मोटी तकरार उनके संबंध को और गहरा बनाती है, लेकिन जब मिलना ही नहीं होगा तो तकरार और दांपत्य की छोटी-छोटी खुशियां और गम भी एक-दूसरे से साझा नहीं हो पाएंगे। इस तरह लंबे समय तक अलगाव भावनात्मक दूरी भी बढ़ा सकती है।

**अकेलेपन की समस्या:** देखा जाए तो लैट रिलेशन अकेलेपन या अलगाव की भावनाओं को और बढ़ा सकता है। खासकर यदि व्यक्ति किसी अपरिचित स्थान पर हो और उसका कोई मजबूत सामाजिक दायरा न हो। वैसे भी आजकल की पीढ़ी काम की अधिकता और जीवन की जटिलताओं के कारण डिप्रेशन में चली जा रही है। अकेले रहने से पति-पत्नी एक-दूसरे को भावनात्मक संबल नहीं दे पाते हैं। इससे उनका आपसी जुड़ाव कमजोर होता है।

### कब-कैसे हुई लैट रिलेशन की शुरुआत

**सुनने में** लैट रिलेशन टर्म हमें जितना नया लग रहा है, असल में यह इतना नया है नहीं। इसकी शुरुआत 1970 के दशक में नीदरलैंड में हुई थी। सबसे पहले इस टर्म को 'फ्रैंक एन इवा' फिल्म में दिखाया गया था। फ्रैंक और इवा न तो साथ रह पा रहे थे, न ही अलग होना चाहते थे। तब दोनों ने रिश्ते में रहते हुए दूर-दूर रहने का फैसला किया। अंग्रेजी भाषा में यह फिल्म 'लिविंग अपार्ट टुगेदर' नाम से रिलीज हुई थी। वहीं से यह शब्द मिला। लैट रिलेशन में पति-पत्नी शारीरिक रूप से दूर रहने के बावजूद भावनात्मक रूप से दांपत्य बंधन में बंधे हुए होते हैं। विज्ञान और तकनीक की प्रगति ने इस चलन को बढ़ावा दिया है। चूंकि आज हजारों किलोमीटर दूर रहते हुए भी मोबाइल इंटरनेट के माध्यम से जुड़े रहना संभव हो गया है, इसलिए ऐसे संबंधों को जरूरी ईंधन मिलता रहता है। भारतीय समाज में देखें तो यह शब्द अभी नया है, प्रचलन में नहीं है। अनेक पुरुष अपनी पत्नियों को गांव, कस्बे में छोड़कर रोजगार के लिए शहरों में चले जाते हैं। कई बार तो वो विदेशों में कमाने के लिए चले जाते हैं, कई वर्षों बाद वापस आते हैं। मतलब दूर रहते हुए भी अपने रिश्ते को जीवित रखते हैं।



# खिलौनों को लेकर रहें सजग

आजकल बाजार में मिलने वाले प्लास्टिक या धातु के खिलौने बच्चों के स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो रहे हैं। ये खिलौने ऑटिज्म को बढ़ा रहे हैं। इसलिए जरूरी हो गया है, बच्चों को पैरेंट्स लकड़ी, मिट्टी, कपड़े और धागे से बने परंपरागत देसी खिलौने दें, जो बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक नहीं हैं।



बच्चे और आप

डॉ. मोनिका शर्मा

बीते दिनों एम्स द्वारा किए गए रिसर्च में सामने आया कि ऑटिज्म पीड़ित बच्चों के शरीर में लेड, क्रोमियम, मर्करी, मैंगनीज, कॉपर, आर्सेनिक, कैडमियम जैसे भारी धातु पाए गए हैं, जो कि बच्चों में ऑटिज्म बीमारी बढ़ने का कारण बन रहे हैं। पैरेंट्स को ध्यान देना होगा कि स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने वाली ये धातुएं प्रदूषित भोजन, सिगरेट के धुएं, प्रदूषित हवा, औद्योगिक कचरे और खिलौनों के जरिए बच्चों के शरीर में पहुंच रही हैं। यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि अध्ययन में ऑटिज्म से पीड़ित 3 से 12 साल के 180 बच्चों और 180 स्वस्थ बच्चों को शामिल किया गया। इनमें 32 प्रतिशत ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों में 7 तरह के हेवी मेटल्स ज्यादा पाए गए, जबकि स्वस्थ बच्चों में यह समस्या नहीं मिली। ऐसे में पैरेंट्स का बच्चों के शरीर में पहुंचते नुकसानदेह रसायनों और धातुओं को लेकर जागरूक रहना आवश्यक है। देखने में आता है कि खिलौनों से बढ़ते स्वास्थ्य जोखिमों को लेकर आज भी अवेयरनेस की कमी है।



**ट्रेडिशनल खिलौने दें:** बच्चों को खिलौनों से दूर नहीं किया जा सकता। बालमन के मनोरंजन और खेलने के लिए खिलौने जरूरी हैं। ऐसे में जागरुकता के साथ, जज्बाती जुड़ाव के इस मोर्चे पर हमारा परंपरागत खिलौनों की ओर लौटना जरूरी है। लकड़ी, मिट्टी, कपड़े और धागे जैसे सामानों से बने देसी खिलौने ना केवल परंपरा वाहक हैं। बल्कि भारतीय संस्कृति और जीवनशैली को समझने का जरिया भी हैं। इनसे बच्चों के स्वास्थ्य को कोई खतरा नहीं होता। वहीं प्लास्टिक और अन्य सामानों से बने विदेशी खिलौनों में मौजूद रसायन बच्चों की सेहत के लिए बेहद खतरनाक होते हैं। बच्चों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं। यही वजह है कि सेहत सहेजने और बच्चों को सहज और संवेदनशील जीवनशैली का पाठ पढ़ाने के लिए परंपरागत खिलौनों की बहुत अहमियत है। हमारे अधिकतर देसी खिलौने ग्रामीण जन-जीवन की झलक और प्रकृति से जुड़ाव का सबक लिए होते हैं। ट्रेडिशनल खिलौने बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ ही जमीनी जुड़ाव और समझ को पोषित करने वाले साथी बन सकते हैं।

**स्वास्थ्य के लिए कैसे हानिकारक हैं खिलौने:** परवरिश के कई संजीदा पक्ष खिलौनों से जुड़े हैं। बाल स्वास्थ्य से जुड़े अनगिनत जोखिमों के बावजूद प्लास्टिक या धातु के खिलौने बच्चों के हाथ में थमा दिए जाते हैं। अब तो बाजार इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों से भी अटा पड़ा है। देखने में आता है कि नुकसानदेह रसायन ही नहीं, कई तरह की तकनीक से लैस स्वचालित खिलौने बच्चों की मनः स्थिति पर भी दुष्प्रभाव डालते हैं। खिलौने बच्चों की शारीरिक-मानसिक सेहत को कई तरह से प्रभावित करते हैं। इसीलिए इस विषय में डॉक्टर से भी चर्चा करनी चाहिए। कई बार तो कुछ खास तरह के इंफेक्शन का कारण मुंह में डाले जाने वाले खिलौने भी होते हैं। दांत निकलने के समय तो बच्चे खिलौने को खूब चबाते हैं। मुंह में डालने से कई तरह के वायरस और बैक्टीरिया के बच्चों के शरीर में जाते हैं। ऐसे में गंदे खिलौनों से पेट और मुंह के इंफेक्शन ही नहीं, स्किन इंफेक्शन की समस्या भी हो सकती है। बीमार होने पर बच्चों के टॉयज की डॉक्टर को भी जानकारी दें। घर में भी खिलौनों की साफ-सफाई को लेकर सजग रहें। स्वच्छ रखें और कभी-कभी धूप भी दिखाएं।

बागवानी

अनु आर.

अगर आप चाहती हैं कि आने वाली सर्दियों में अपने गार्डन में उगी ताजी, ऑर्गेनिक और तरह-तरह की सब्जियों का आनंद लें तो इसी महीने कुछ सब्जियों के बीज बो दें। आप कौन सी सब्जियां कैसे लगा सकती हैं, दे रहे हैं कुछ उपयोगी सलाह।

# इसी महीने बो दें इन सब्जियों के बीज



मानसून का अंतिम महीना माना जाता है सितंबर माह को, जब वातावरण में नमी बढ़ने लगती है और मौसम ठंडा होने लगता है। कई सारी सब्जियों को उगाने के लिए यह सबसे अनुकूल मौसम होता है। ऐसे में हम आपको बताते है, कुछ ऐसी सब्जियों के बारे में, जिन्हें आप इस माह अपने गार्डन में उगा सकती हैं। इस माह में आप अपने गार्डन में हरी मटर, फूलगोभी, गाजर, टमाटर, ब्रोकली और मूली जैसी सब्जियों को लगा सकती हैं। इस मौसम में लगाई गई ये सब्जियां सर्दी के मौसम में तैयार हो जाएंगी।

**फूल गोभी:** फूल गोभी हमारे देश में पूरे साल उपलब्ध होती है और किसान इसकी खेती पूरे साल करते हैं। लेकिन मुख्य तौर पर ठंडे मौसम की फसल है। इस महीने में इसे लगाकर सर्दियों में आप अपने बगीचे में उगी गोभी का स्वाद ले सकती हैं। फूल गोभी 6 से 7 के बीच पीएच मान वाली और अच्छी निकास वाली कार्बनिक पदार्थों से भरपूर मिट्टी में अच्छी तरह पनपती है। इसकी मिट्टी को लगातार नम रखें और ज्यादा नाइट्रोजन वाली खाद डालकर इसको अच्छी तरह उगा सकती हैं।

**टमाटर:** सर्दी के मौसम में ताजे टमाटर खाने के लिए इसी महीने टमाटर के बीज बो दें। इसे ग्रो बैग में लगाएं, गमले में या जमीन पर। इसके लिए दोमट मिट्टी सबसे अनुकूल होती है। टमाटर की फसल बहुत जल्द तैयार हो जाती है।



**ब्रोकली:** हरी फूल गोभी की तरह दिखने वाली ब्रोकली की सर्दी के मौसम में बहुत मांग बढ़ जाती है। कैल्शियम और आयरन से भरपूर यह सब्जी अगर आप इस महीने में अपने घर के गार्डन में लगाती हैं तो पूरी सर्दियां आप इसका स्वाद ले सकेंगी। ब्रोकली के पौधे को कम गीली मिट्टी में ऐसी जगह पर लगाएं जहां अच्छी धूप आती हो।


**हरी मिर्च:** भोजन में स्वाद जगाने वाली और सेहत से भरपूर हरी मिर्च को इस माह गमलों में लगा सकती हैं। इसके दो-चार पौधों से ही काफी मात्रा में हरी मिर्च प्राप्त हो जाती हैं। इसके लिए दोमट मिट्टी बेहतरीन होती है और कुछ ही दिनों बाद पौधे में खूब सारी हरी मिर्च लगना शुरू हो जाती हैं।



**मूली:** मूली को अगर गमले में लगाना हो तो मिट्टी में खाद डालकर उसमें अच्छी-सी नमी लाकर गमले की मिट्टी में ऊपर से इसके बीज बिखेरें और इसमें समय-समय पर पानी देती रहें। 40 से 60 दिन के बाद मूली की फसल तैयार हो जाएगी।

**गाजर:** सर्दी के मौसम में सब्जी के रूप में, सलाद के तौर पर गाजर खूब खाई जाती है। इसका हलवा भी लोग चाव से खाते हैं। इसके लिए आपको इसी महीने में गाजर के बीज बो देने चाहिए। बीज बोने से पहले मिट्टी को अच्छी तरह से तैयार कर लें। इसे ऐसी जगह पर रोपें, जहां अच्छी धूप आती हो।

**हरी मटर:** सर्दी के दिनों में अपने गार्डन में उगी ताजा और मीठी मटर खाने का मजा ही अलग होता है। इसके लिए आपको इन्हीं दिनों में मटर बो देना चाहिए। मटर उगाने के लिए इन्हें कार्बनिक पदार्थों से भरपूर अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी में बोएं। बारिश के बाद जब मौसम सूखा हो, तो इनकी बेलों को चढ़ाने के लिए डंडे या दीवार का सहारा जरूर दें। पौधों को चूहों से बचाने के लिए इन्हें जाल से कवर कर सकती हैं।



स्किन केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

# सूखे नीबू से स्किन बनेगी सॉफ्ट-ग्लोइंग

नीबू के छिलकों में विटामिन-सी, कैल्शियम, पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे कई मिनरल्स के अलावा एंटी-बैक्टीरियल गुण भी पाए जाते हैं। ये स्किन को सॉफ्ट बनाने के साथ-साथ स्किन से फाइन लाइंस, झुर्रियों, टैनिंग, मुंहासों और दाग-धब्बों को कम करने जैसी कई समस्याओं से राहत दिलाने में मदद करते हैं। ताजे नीबू की तरह ही सूखे हुए नीबू के छिलकों को भी अपने ब्यूटी रुटीन में आप अलग-अलग तरीके से शामिल कर सकती हैं। नीबू के छिलके का पावडर बनाने के लिए सबसे पहले इसे छोटे-छोटे टुकड़ों में काट कर धूप में सूखा लें और मिक्सर में डालकर पीस लें। अब इस मिश्रण को स्टोर करने के लिए किसी एयर टाइट कंटेनर में रख दें। आप इस मिश्रण का इस्तेमाल लिप बाम, क्लींजर या फिर फेस मास्क के लिए कर सकती हैं।



**फेस पैक:** नीबू के छिलके से बने फेस पैक ऑयली स्किन वाली महिलाओं को काफी राहत मिलती है। फेस पैक बनाने के लिए एक चम्मच बेसन में एक छोटा चम्मच नीबू के छिलके का पावडर और गुलाब जल मिक्स करके लगा लें और जब यह मिश्रण स्किन पर नेचुरल तरीके से सूख जाए तो इसे ताजे पानी से धो लें। इस मिश्रण के साथ आप दही का यूज भी कर सकती हैं। इस फेस पैक से आपकी स्किन और भी सॉफ्ट और अट्रैक्टिव दिखेगी।

**स्क्रब:** बॉडी और फेस स्क्रब बनाने के लिए आप एक मिक्सर में थोड़ी सी चीनी, शहद और नारियल के दूध के साथ सूखे नीबू के छिलकों के पावडर को अच्छी तरह मिक्स कर लें। शहद, एक्सफोलिएशन में मदद करता है, जबकि नारियल का दूध स्किन को फ्रेश और सॉफ्ट बनाता है। चेहरे की थकावट को दूर करने के लिए येह फेस स्क्रब काफी मददगार साबित हो सकता है। नीबू में साइट्रिक एसिड होता है, जिसकी वजह से यह स्किन की ड्राई सेल्स में जमी परत को एक्सफोलिएट करता है। इसे लगाने से त्वचा मुलायम और चमकदार दिखती है। शहद में पाए जाने बाले एंटी-बैक्टीरियल और एंटी-इंफ्लेमेट्री गुण मुंहासों के उपचार के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं।

**हर्बल टी भी है कारगर:** लेमन हर्बल टी बनाने के लिए सूखे नीबू को छोटे टुकड़ों में काटकर उनके छिलकों को रातभर पानी में छोड़ दें। सुबह इनके छिलकों को पानी में थोड़ी देर के लिए उबालकर इसे छान लें। इसके बाद इसे चीनी या शहद से मीठा कर सकती हैं। आप इस चाय में अदरक, तुलसी और इलायची के साथ या फिर किसी जड़ी-बूटी को भी डाल सकती हैं। इसे पीने से आपकी स्किन ग्लो करेगी और एक्सट्रा बॉडी वेट को घटाने में भी मदद मिलेगी।



मेडिकल एडवाइस

डॉ. रवींद्र गुप्ता

एचओडी-इंटरनल मेडिसिन

सी. के. बिड़ला हॉस्पिटल, एनसीआर

# ऐसे रहेगा कंट्रोल बैड कोलेस्ट्रॉल



अस्त-व्यस्त लाइफस्टाइल और अनहेल्दी डाइट के कारण हमारे शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा बढ़ने लगती है। इससे हार्ट अटैक और ब्रेन स्ट्रोक का रिस्क बढ़ने लगता है। क्या हैं बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण, इसके लक्षणों के साथ ही इससे बचाव के बारे में जानिए।

हमारे शरीर के सेल्स में पाया जाने वाला कोलेस्ट्रॉल नामक पदार्थ पिघले मोम की तरह चिपचिपा और वसा का ही एक रूप है। यह इतना ऑयली होता है कि पानी में नहीं घुल पाता, जिससे लिपोप्रोटीन पार्टिकल्स ब्लड फ्लो की मदद से इसे शरीर के सभी भागों में पहुंचता है। लेकिन बैड कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने से हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, नजर कमजोर होना, अल्जाइमर और शरीर में दर्द-अकड़न जैसी समस्याएं देखने को मिलती हैं।

**कोलेस्ट्रॉल के प्रकार:** हमारे शरीर में दो तरह के कोलेस्ट्रॉल मौजूद होते हैं। पहला हाई डेंसिटी लिपोप्रोटीन (एचडीएल), यानी गुड कोलेस्ट्रॉल। यह हार्मोंस के स्राव को नियंत्रित करना, नर्वस सिस्टम के न्यूरांस को बनाना, विटामिन की पाचन क्रिया के साथ नई सेल्स की दीवारों और विटामिन डी को बनाने में भी मदद करता है।

दूसरा लो डेंसिटी लिपोप्रोटीन (एलडीएल), यानी बैड कोलेस्ट्रॉल। यह ब्लड वेसेल्स के अंदर की दीवारों में चिपककर उन्हें संकरा बना देता है, जिससे ब्लड फ्लो में रुकावट पैदा होने की वजह से हार्ट अटैक, ब्रेन स्ट्रोक, नजर का कमजोर होना और शरीर के कुछ भागों में हमेशा दर्द रहता है।

**बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के कारण :** हमारे शरीर में 20 प्रतिशत बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा डायटरी, सैचुरेटेड और ट्रांस फैट से आती है, जैसे, रेड मीट, तेल, मक्खन और घी का अधिक मात्रा में सेवन करने से बढ़ता है। इसके अलावा 80 प्रतिशत फैट लिवर में तैयार होता है। मैदा, चीनी, चावल, सूजी, ओट्स, एल्कोहल, सॉफ्ट ड्रिंक्स और जंक फूड जैसी चीजों में कार्ब की मात्रा अधिक होने से लिवर इनमें मौजूद कार्ब्स को बैड कोलेस्ट्रॉल में बदल देता है। एक्सरसाइज न करना भी इसकी मात्रा बढ़ने की बड़ी वजह है।

**बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने के लक्षण :** शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल बढ़ने पर आपको अलग-अलग लक्षण देखने को मिल सकते हैं। आंखों के सफेद हिस्से पर काले या भूरे रंग का घेरा नजर आना, शरीर में अकड़न, पसीना आना, दिल की धड़कन बढ़ने के साथ सीने, कंधे और गर्दन में दर्द होने जैसे लक्षण नजर आते हैं। बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा जरूरत से अधिक बढ़ने पर यह ब्लड वेसेल्स में जमा होकर प्लाक बनाता है, जिससे ब्लड फ्लो में रुकावट के कारण दिल का दौरा और ब्रेन स्ट्रोक होने का रिस्क बढ़ सकता है।

### बचाव और उपचार के तरीके

बैड कोलेस्ट्रॉल के बढ़ने से संबंधित कोई भी लक्षण नजर आए तो लिपिड प्रोफाइल नामक जांच अवश्य कराएं। इससे शरीर में कोलेस्ट्रॉल लेवल का पता लगाया जा सकता है। आमतौर पर स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का लेवल 130 से कम होना चाहिए, अगर किसी की हार्ट की सर्जरी हुई है तो शरीर में इसका लेवल 100 से कम होना चाहिए। अगर किसी तरह के लक्षण नजर नहीं भी आते तब भी चालीस पार के लोगों को साल में एक से दो बार कोलेस्ट्रॉल लेवल की जांच जरूर करवानी चाहिए। बैड कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कंट्रोल में रखने के लिए नियमित एक्सरसाइज और वॉकिंग करें। घी, तेल, मक्खन, मैदा और बाजार में बिकने वाले जंक फूड्स जैसी चीजों को अवॉयड करें। डॉक्टर की सलाह पर दवाओं की मदद से भी इसे कंट्रोल किया जा सकता है।

प्रस्तुति: विनीता

## खबर संक्षेप

### ज्ञान-विज्ञान समिति ने दिखाया चन्द्र ग्रहण

**हिसार।** रविवार रात को सबसे लंबा चंद्र ग्रहण घटित हुआ। इस अवसर पर हरियाणा ज्ञान विज्ञान समिति के विज्ञान संचारकों ने शहर और गांवों में अलग-अलग जगह पर ग्रहण अवलोकन कैंप आयोजित किए। इंदिरा कॉलोनी में राजेंद्र अग्निहोत्री, सेक्टर -14 में चित्रा सिंह, माल कॉलोनी में अनीता शर्मा, न्यू मॉडल टाउन में रमेश चंद्र व गांव कंवारी में संजय ढांडा, पायल, अनु व किट्टू ने चंद्र ग्रहण अवलोकन कैंप आयोजित किए। कार्यकर्ताओं ने मॉडल व रोल प्ले से लोगों को ग्रहण के बारे में जानकारी दी।

### बाढ़ पीड़ितों के लिए राशन व सामान भेजा

**आदमपुर।** क्षेत्र की समाजसेवी संस्थाओं कृष्ण गोसेवा दल, भगत सिंह युवा मंडल, गुरुद्वारा साहिब द्वारा बाढ़ पीड़ितों की सहायता के लिए राशन व अन्य सामान एकत्रित किया गया। भगत सिंह युवा मंडल के प्रधान जीत भद्रेचा ने बताया कि यह राशन सामग्री व बाढ़ पीडितों को भेजा गया। प्रधान ने इसके लिए सहयोग करने वाले सभी दुकानदार और लोगों का आभार जताया ।

### बालसमंद की निशा तंवर बनी एएफओ

**हिसार।** प्रदेश की बेटियां एक बार फिर मेहनत और लगन से समाज में नई पहचान बना रही हैं। हाल ही में बैंकों की चयनित सूची बालसमंद निवासी निशा तंवर का चयन एग्रीकल्चर फील्ड ऑफिसर (एएफओ) पद पर हुआ है। निशा, स्वर्गीय बलजीत तंवर की पुत्री और समाजसेवी नरेश सेलपाड़ की भांजी हैं। उनकी सफलता के पीछे उनके ताऊ (बड़े पापा) सुभाष तंवर और मां सुमन के त्याग व मार्गदर्शन की अहम भूमिका रही है। निशा बीएससी एग्रीकल्चर की टॉपर रह चुकी हैं और उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा भिवानी रोहिल्ला स्थित आरोही मॉडल स्कूल से प्राप्त की। निशा को पंजाब नेशनल बैंक, जींद की दो शाखाओं का कार्यभार सौंपा गया है।

### आदमपुर बहुतकनीकी में विशेषज्ञ व्याख्यान

**आदमपुर।** राजकीय बहुतकनीकी संस्थान के फूड टेक्नोलाजी विभाग द्वारा इंटरनल और एक्सट्रनल आडिट विषय पर एक विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान कंपनी के मैनेजर संजीव कुमार को विशेषज्ञ वक्ता के रूप में आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में विभागाध्यक्ष वेदपाल यादव ने उनका स्वागत करते हुए परिचय प्रस्तुत किया। अपने व्याख्यान में संजीव कुमार ने इंटरनल और एक्सट्रनल आडिट की उपयोगिता, प्रक्रिया तथा उद्योगों में इसके क्रियान्वयन पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस मौके पर बंसीलाल, सुनील धिमान, नीरू रानी, मोहित जिंदल, पूजा सहित अनेक शिक्षकगण व विद्यार्थी इत्यादि मौजूद रहे।

### किसानों को जल्द मुआवजा दे सरकार

**हिसार।** अखिल भारतीय हिंदू परिषद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरीश वर्मा ने कहा कि हिसार जिला के अलावा आसपास के गांवों अत्याधिक बारिश व जलभराव के कारण बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। पूरे प्रदेश में लाखों एकड़ फसल क्षतिग्रस्त हो चुकी है। बड़े स्तर पर किसानों व लोगों का नुकसान हुआ है। ऐसे में सरकार से मांग है कि प्रभावित किसानों को जल्द उचित मुआवजा दिया जाए। जिससे किसान व खेती को बच सके।

### मथुरा-वृंदावन पारिवारिक बस यात्रा 12 को

**आदमपुर।** आदमपुर, हिसार व आसपास के भक्तों के लिए शुक्रवार 12 सितंबर से चार दिवसीय मथुरा-वृंदावन पारिवारिक बस यात्रा का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए श्री खाटू श्याम सालासर बालाजी सेवा समिति के अध्यक्ष अमित गोयल व मुकेश गोयल ने बताया कि यात्रा में श्रद्धालु मथुरा व वृंदावन के मंदिरों के अलावा गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव व कोकिलावन में शनि मंदिर के दर्शन करेंगे।

---

### वार्ता विफल, आंदोलन जारी रखने का ऐलान

# कर्मचारियों ने लोक निर्माण विभाग के एसई को घेरा

**अधीक्षक अभियंता को पीडब्ल्यूडी कर्मचारियों ने आठ दिन पहले कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का दिया था नोटिस**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** घेराव के दौरान कर्मचारियों को संबोधित करते यूनियन पदाधिकारी। *फोटो : हरिभूमि*

लगातार 8 दिनों से धरने पर बैठे सिंचाई विभाग के कर्मचारियों की कार्यकारी अभियंता हिसार द्वारा सुध न लेने को लेकर सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन की जिला कमेटी ने विभाग के अधीक्षक अभियंता का घेराव किया। घेराव की अध्यक्षता जिला प्रधान ओमप्रकाश माल ने की व संचालन जिला सचिव दीपक मेहरा ने किया।

जिला प्रधान ओमप्रकाश माल व जिला सचिव दीपक मेहरा ने बताया कि यूनियन ने आठ दिन पूर्व कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर अधीक्षक अभियंता को नोटिस दिया था और समस्याओं का समाधान नहीं होने पर उनके कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी थी। उन्होंने बताया कि आठ दिनों का समय बीत जाने के बाद भी कर्मचारियों की कोई सुनवाई नहीं की गई और कर्मचारियों को रोड से ड्यूटी करने पर मजबूर किया गया।

सोमवार को आधा दिन बीतने बाद जब एसई कार्यालय में पहुंचे तो कर्मचारियों ने तुरंत कार्यालय का घेराव किया। इस पर अधिकारी ने संगठन को बातचीत के लिए बुलाया। बातचीत में कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान को लेकर कोई सकारात्मक फैसला नहीं लिया।

जिसके चलते वार्ता विफल हो गई। वार्ता विफल होने पर संगठन ने पुनः घेराव शुरू कर दिया। कर्मचारियों के रोष को देखते हुए अधीक्षक अभियंता ने पुलिस बुलाई और पुलिस सुरक्षा के बीच कार्यालय से निकल गए। उन्होंने कहा कि जब तक कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान कर दिया।

**ये रहे मौजूद**

अधीक्षक अभियंता के घेराव के दौरान मौके राज्य के वरिष्ठ उप प्रधान अजय कुमार, उपप्रधान संदीप पुनिया, दीपक शर्मा, चेयरमैन नरेश गौतम, पूर्व नेता अनिल शर्मा, वरिष्ठ उप प्रधान रविंद्र शर्मा, उपप्रधान रामू शर्मा, राजेश शर्मा, प्रीतम सिंह, सूरत सिंह, प्रदीप बूरा, सतीश दनोदा, राजेश माहिच, विनोद फौजी, दीपक शर्मा, होशियार सिंह, अशोक यादव, नरेंद्र पाल, राजपाल बनभौरी, रामसूरत यादव, अनूप फौजी, राजेश शर्मा, दीपक लोट, रमेश शर्मा व सुरेंद्र चहल आदि साथी मौजूद रहे।

---

# भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान परंपरा की जनक फिजियोथेरेपी : प्रो. बिश्नोई

- गुजवि में फिजियोथेरेपी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** कार्यक्रम में प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यातिथि कुलपति प्रो . नरसी राम बिश्नोई। *फोटो :हरिभूमि*

गुजवि के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा है कि भारतीय संस्कृति एवं ज्ञान परम्परा फिजियोथेरेपी की जनक है। फिजियोथेरेपी के सिद्धांत भारतीय दर्शन से मेल खाते हैं। भारतीय ज्ञान परम्परा के साथ आधुनिक तकनीक व कौशल मिलकर फिजियोथेरेपी को नए आयाम दे रहे हैं। चौ. रणबीर सिंह सभागार में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। डीन प्रो. सुमित्रा सिंह, विभागाध्यक्ष प्रो. जसप्रीत कौर, डॉ. मनोज मलिक भी उपस्थित रहे। इस मौके पर विद्यार्थियों द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। वफिजियोथेरेपी की तकनीकों से संबंधित एक प्रदर्शनी लगाई गई।

**ये रहे प्रतियोगिताओं के विजेता**

प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में महक, रोबिन, नंदिनी, सानिया व हिमांशू की टीम ने पहला तथा हर्षवर्धन, आयूष, रवनीत, आदित व देवव्रत की टीम ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में वर्धा, प्रतिभा व कामना की टीम ने पहला तथा हिमांशू, जश्न, रवनीत, प्रेरणा, प्रिंस व दिपांशी की टीम ने दूसरा तथा सचिन, ज्योति, हुनर, भावेश व अतुल की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।

---

# भगाना गांव की गलियों व खेतों में जलभराव से ग्रामीणों को परेशानी

- कुंभकर्णी नींद सो रहे भाजपा सरकार और प्रशासन : बृजलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** जलभराव प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेते कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया। *फोटो :हरिभूमि*

लगातार हो रही बरसात से भगाना गांव और आसपास के क्षेत्रों में भीषण जलभराव की स्थिति बनी हुई है। गांव की गलियों और खेतों में पानी भर जाने से ग्रामीणों का जीवन अस्त-व्यस्त हो चुका है। गांव में पीने के पानी तक का संकट गहरा गया है। प्रशासन और सरकार की तरफ से कोई मदद न मिलने पर ग्रामीणों ने आपसी भाईचारे और सामूहिक सहयोग से स्वयं राहत कार्य शुरू किया है। जिला कांग्रेस प्रधान बृजलाल बहबलपुरिया ने भगाना गांव का दौरा किया और बाढ़ प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर हालात का जायजा लिया। गांव से रामायण रोड पर 250 पंप, भगाना से सातरोड कला रोड पर 750 पंप और भगाना से सुल्तानपुर रोड पर 250 पंप लगाए गए हैं। यह सभी पंप गांव के ग्रामीणों, ग्राम पंचायत और भगाना गांव के व्यापारी मास्टर सोभान से उधार लेकर लगाए हैं।

---

# गाय की सेवा ही सबसे बड़ा पुण्य इसलिए दिया माता का दर्जा: भव्य

- युवा नेताओं ने आदमपुर क्षेत्र की गोशालाओं को किए चेक वितरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आदमपुर



**आदमपुर।** गोशालाओं के लिए चैक वितरित करते पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई।

भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी भव्य बिश्नोई ने कहा है कि गाय को हमारे धर्म व समाज में माता का दर्जा दिया गया है। गाय की सेवा से बड़ा दूसरा कोई पुण्य नहीं है, क्योंकि गाय में 33 करोड़ देवी देवताओं का वास माना गया है। भव्य बिश्नोई आदमपुर हलके के गांव डोभी, मंडी आदमपुर और कालीरावण गोशाला में चेक वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इससे पूर्व उन्होंने भजन ग्लोबल इंपैक्ट फाउंडेशन के तत्वावधान में बाढ़ पीड़ितों की सहायतार्थ भोजन की व्यवस्था के लिए गाड़ी को रवाना किया। इस दौरान नलवा हलका के विधायक रणधीर पनिहार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने कोहली, फ्रांसी, ढाणी मोहब्बतपुर, जगाण, आदमपुर, डोबी, चोधरीवाली, बालसमंद, सदलपुर, मंडी आदमपुर, काबरेल, कालीरावण, खासा महाजन की गोशालाओं को 2 करोड़ 88 लाख, 54 हजार 900 रुपए राशि की ग्रांट जारी की है। इस दौरान हलके के गांव सीसवाल, खासा महाजन, महलसरा लाडवी के खेतों में जलभराव का जायजा लिया और ग्रामीणों से बातचीत की।

---

### दुर्गा शक्ति टीम ने की पैदल गश्त

**हिसार।** पुलिस की दुर्गा शक्ति टीम ने शहर के भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पैदल गश्त की। इस गश्त का उद्देश्य नागरिकों में सुरक्षा का भरोसा बढ़ाना, महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और असामाजिक तत्वों पर अंकुश लगाना रहा। प्रवक्ता ने बताया कि गश्त के दौरान टीम ने मुख्य बाजार, बस स्टेंड, धार्मिक स्थलों और अन्य सार्वजनिक स्थानों का निरीक्षण किया। पुलिस ने लोगों, व्यापारियों और युवाओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं को सुना और सुझाव आमंत्रित किए। दुर्गा शक्ति टीम ने महिलाओं की सुरक्षा पर ध्यान देते हुए असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखी। युवाओं को नशे से दूर रहने तथा शिक्षा व खेलों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।

---

# श्रीमद्भागवत कथा मन की शुद्धि व जन्म जन्मांतर के पापों को कर देती है नष्ट

- कलश यात्रा के साथ झूथरा धर्मशाला में कथा का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



**हिसार।** श्रीमद्भागवत कथा कलश यात्रा में शामिल महिलाएं।

हरिदर्शन मंदिर महिला मंडल तिलक बाजार की ओर से झूथरा धर्मशाला बाजार खजांचियान में होने वाली संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का भव्य कलश यात्रा एवं देव प्रतिष्ठा के साथ शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर आयोजित कलश यात्रा में भारी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। यात्रा के दौरान महिलाओं में भारी उत्साह देखने को मिला। कथा व्यास श्री स्वामी राघवेंद्राचार्य महाराज अमकंटक वाले को भव्य रथ में बैठाकर कथा स्थल तक लाया गया। कथा के यजमान प्रवीन ऐरन ने अन्य श्रद्धालुओं ने श्रीमद्भागवत कथा को पूरे सम्मान व श्रद्धापूर्वक अपने सिर पर रखकर कथा स्थल पहुंचे।

स्वामी राघवेंद्राचार्य महाराज ने प्रथम दिवस कथा के महातम्य के बारे में बताया कि भगवान के चरित्रों का श्रवण, मनन हमें आध्यात्मिक ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ मन की शुद्धि, जन्म-जन्मांतर के पापों का नाश कर मोक्ष दिलाता है। यह ग्रंथ भक्ति, ज्ञान और परम सत्य को समझने का मार्गदर्शक है, जिससे आंतरिक शांति और पूर्णता प्राप्त होती है। इसके श्रवण से लौकिक और आध्यात्मिक दोनों प्रकार के विकास होते हैं।

---

# गुजवि की छात्रा मनीषा ने न्यूयॉर्क में अंतरराष्ट्रीय मंच पर पढ़ा शोध पत्र

- न्यूयॉर्क में आयोजित इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ न्यूरोकेमिस्ट्री एएसएन मीटिंग में किया प्रस्तुत
- कुलपति ने फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग और शोधार्थी मनीषा को दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार



शोधार्थी मनीषा।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग की पीएचडी शोधार्थी मनीषा ने बड़ी उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका में हाल में आयोजित इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ न्यूरोकेमिस्ट्री (आईएसएन)-एएसएन मीटिंग में अपना शोध पत्र प्रस्तुत कर विश्वविद्यालय और देश का नाम रोशन किया है।

कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने इस उपलब्धि के लिए फार्मास्युटिकल साइंसेज विभाग व शोधार्थी मनीषा को बधाई दी और कहा कि मनीषा ने विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया है।

मनीषा ने चूहों पर किए गए अपने शोध 'ट्रॉमाटिक ब्रेन इंजरी से प्रेरित मल्टी ऑर्गन डिसफंक्शन' को अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया, जिसके लिए उन्हें इंटरनेशनल सोसायटी ऑफ न्यूरोकेमिस्ट्री (आईएसएन) द्वारा 1750 अमेरिकी डॉलर का प्रतिष्ठित ट्रैवल ग्रांट भी दिया गया है। यह अनुदान उन्हें न्यूयॉर्क में आयोजित इस प्रतिष्ठित सम्मेलन में यात्रा करने और पोस्टर प्रस्तुति देने में सहायता करेगा।

मनीषा की इस सफलता पर उनकी कड़ी मेहनत, अकादमिक समर्पण और उनके गाइड प्रोफेसर सुनील शर्मा और को-गाइड प्रोफेसर नीरू वासुदेवा के निरंतर सहयोग का परिणाम है। विभाग के सभी सदस्यों ने मनीषा को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा किह यह हम सबके लिए गर्व के पल हैं।

---

# एडीसी से मिलने आए पार्षद प्रतिनिधि गिरफ्तार

- गिरफ्तारी से भड़के किसान संगठनों ने थाना में दिया धरना
- सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार





**हिसार।** संदीप धीरणवास को गिरफ्तार कर ले जाती पुलिस तथा पार्षद प्रतिनिधि संदीप धीरणवास की गिरफ्तारी के विरोध में थाने में धरना देते किसान संगठनों के प्रतिनिधि।

एडीसी कार्यालय में एडीसी सी. जयाश्रद्धा से मिलने पहुंचे जिला पार्षद प्रतिनिधि एवं किसान नेता संदीप धीरणवास को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इस दौरान आजाद नगर थाना एसएचओ दलबीर सिंह किसान नेता संदीप को गाड़ी में बिठाकर आजाद नगर थाना ले गए। पुलिस ने यह कार्रवाई सिंचाई विभाग के जेई संजय दाहिमा की शिकायत पर की है। शिकायतकर्ता का कहना है कि वह रावलवास सेक्शन के तहत कैनाल वायर नंबर 941 पर धीरणवास निवासी संदीप कुमार ने भेरिया सब माइनर हैड को क्षतिग्रस्त कर दिया। ऐसा करके संदीप ने सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है। इसलिए आरोपी पर कार्रवाई की जाए।

उधर, संदीप धीरणवास ने पुलिस गिरफ्तारी के दौरान आरोप लगाया कि नलवा विधायक के खेतों को बचाने के लिए सिंचाई विभाग ने भेरिया माइनर को सूखा छोड़कर सरसाना माइनर में पानी छोड़ दिया। वही दूसरी नहर में क्षमता से ज्यादा पानी छोड़ दिया। इससे सरसाना व भिवानी रोहिला के गांव को डूबने के कगार पर छोड़ दिया। विधायक ने अपने खेत को बचाने के लिए लोगों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। उन पर केस दर्ज कर एडीसी कार्यालय से मुझे गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि गांवों में जल भराव की समस्या को लेकर आज जिला पार्षद एडीसी से मीटिंग करने के लिए आए थे। इस दौरान आजाद नगर थाना एसएचओ दलबीर सिंह अपनी टीम के साथ एडीसी कार्यालय पहुंचे और ऑफिस से बाहर आते ही पुलिस ने संदीप धीरणवास को गिरफ्तार कर लिया। जिला पार्षदों ने पुलिस की कार्रवाई को गलत बताते हुए संदीप धीरणवास के साथ खड़े रहने की बात कही है।

---

### जलभराव : किसान सभा का धरना आज

**उकलाना।** अखिल भारतीय किसान सभा अपनी मांगों को लेकर 9 सितंबर को उकलाना तहसील कार्यालय पर धरना देगी व ज्ञापन सौंपेगी। सचिव प्रदीप बूरा ने बताया कि उकलाना तहसील के सभी गांव में भारी वर्षा के कारण खेतों के साथ-साथ गांव की बस्तियों में पानी भर गया है जिसके कारण मकानों में दरारें आकर मकान गिर रहे हैं। क्षेत्र के गांव लितानी, बिठमड़ा, खैरी आदि गांव में तो स्थिति और भी बुरी है। किसान सभा सरकार व प्रशासन से मांग करती है कि जल भराव से प्रभावित गांवों में पानी निकासी का जल्दी से जल्दी प्रबंध किया जाए ताकि जलभराव से होने वाले जान माल का नुकसान कम से कम किया जा सके।

---

### नारनौंद मॉडल स्कूल में धूमधाम से मना खंड स्तरीय हिंदी पखवाड़ा

# कविता में तनुज, संजना, सारथी और विनित विजेता

**बीईओ देवेंद्र सिंह ने सभी बच्चों को किया सम्मानित**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद




**नारनौंद।** विजेता बच्चों को सम्मानित करते बीईओ देवेंद्र सिंह व अन्य ।

नारनौंद मॉडल स्कूल में खंड स्तरीय हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 4 से 5, 6 से 8 व 9 से 12 के विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने कविता पाठ, भाषण, व्याकरण आधारित प्रश्नोत्तरी, चित्र देखकर कहानी लिखना, अधूरी कविता पूरी करना, निबंध लेखन व दृश्य घटना का वर्णन करना सहित प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। खण्ड स्तर पर प्रथम रहने वाले सभी बच्चे अब जिला स्तर पर हिस्सा लेंगे।

विजेता बच्चों को बीईओ देवेंद्र सिंह व प्राचार्य जितेंद्र सोनी ने सम्मानित किया।

**भाषण में सेजल, पूजा और प्राची रहीं प्रथम**

कार्यक्रम की इंचार्ज बीआरपी अंजना व सुमित्रा ने बताया कि कक्षा 4 से 5 में चित्र देखकर कविता लिखने की प्रतियोगिता में ओरंगशाहपुर के तनुज ने प्रथम स्थान हासिल किया वहीं 6 से 8 में मिर्चपुर की संजना ने प्रथम स्थान हासिल किया। कक्षा 4 से 5 भाषण प्रतियोगिता में सेजल ने प्रथम स्थान हासिल किया वहीं कक्षा 6 से 8 में नारनौंद मॉडल स्कूल की प्राची ने प्रथम स्थान पाया, कक्षा 9 से 12 में मिर्चपुर की पूजा पहले स्थान पर रही। कक्षा 4 से 5 दृश्य घटना वर्णन में ओरंगशाहपुर की इच्छा, कक्षा 6 से 8 में राखी शाहपुर की अंशुल पहले स्थान पर रही। कक्षा 4 से 5 कविता पाठ में सेजल, 6 से 8 में मॉडल स्कूल नारनौंद की छात्रा सारथी व 9 से 12 में खेड़ी लोहचब की विनीत ने प्रथम स्थान हासिल किया। निबंध लेखन में 4 से 5 में वर्षा, 6 से 8 में मिर्चपुर की मानवी व 9 से 12 में खेड़ी जालब की जन्नत ने प्रथम स्थान हासिल किया। चित्र देखकर कहानी लिखने में कक्षा 4 से 5 में ओरंगशाहपुर की मुस्कान, 6 से 8 में मॉडल स्कूल की वंशिका प्रथम रही। व्याकरण आधारित प्रतियोगिता में 4 से 5 में सिया व वर्षा, 6 से 8 में मॉडल स्कूल की संध्या व दिव्या वहीं 9 से 12 में मॉडल स्कूल की ही अंजली व हिमांशी ने प्रथम स्थान हासिल किया। कार्यक्रम के ओवरऑल इंचार्ज डॉ अजय लोहान ने बताया कि एबीआरसी उर्मिल, नरेंद्र लोहान, सुशीला, कविता, बलजीत, सतीश भोला आदि ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई ।

---

### जयंती पर 93 लोगों ने किया रक्तदान

**हिसार।** गांव लांधड़ी के जय भारती स्कूल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ व गौपुत्र सेना कार्यकर्ता शिवम हिंदू जयंती मनाई गई। गौपुत्र सुनील क्रांतिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत प्रचारक सुरेंद्र और कार्यालय सचिव संजय गोदारा ने शिरकत की। जिला प्रभारी डॉ मुकेश कुमार ने भूमिका निभाई। इस मौके पर आयोजित रक्तदान शिविर में 93 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया। इस दौरान विभाग प्रमुख कृष्ण, विभाग सेवा प्रमुख पृथ्वी सिंह, अनिल बिश्नोई, सुशील कुमार, अनमोल बिश्नोई, कृष्ण मुरारी, मोनू बोयत, सुरजीत सोनी, सोनू फ्रांसी, अशोक कालीरावण सहित अन्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



हिसार। विजेताओं को सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत सिंह।

### स्लोगन लेखन में यशिका रही प्रथम

**हिसार।** दयानंद कॉलेज राजनीति विज्ञान व लोक प्रशासन विभाग ने विश्व साक्षरता दिवस के उपलक्ष्य में स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस उपलक्ष्य में डॉ. अपर्णा मुख्य वक्ता रही। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में डॉ. रेनू राठी तथा डॉ. वलेरिया सेठी ने जज की भूमिका निभाई तथा विजेता प्रतिभागियों के परिणाम घोषित किए। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर यशिका, द्वितीय स्थान पर जानवी तथा तृतीय स्थान पर मान्या रही। सांत्वना पुरस्कार के रूप में प्रथम पर वंशिका, द्वितीय स्थान पर दीपिका रही।

### खंड बरवाला के श्रेष्ठ शिक्षकों हुए सम्मानित

**बरवाला।** समाजसेवी संस्था रोटरी क्लब शाखा बरवाला द्वारा खरकड़ा मार्ग पर स्थित राजकीय माध्यमिक विद्यालय शिवपुरी -1 बरवाला के प्रांगण में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मान समारोह में राजकीय माध्यमिक विद्यालय शिवपुरी-1 से जिले सिंह, मौलिक मुख्याध्यापक, रविन्द्र कुमार ड्राईंग टीचर, रविन्द्र कुमार डीपीई, संगीता रानी, विज्ञान अध्यापिका, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरवाला से अंजू बाला वधवा कम्प्यूटर टीचर व सुनीता जाखड़ और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गैबीपुर से कंचन रानी हिन्दी प्रवक्ता को श्रेष्ठ शिक्षक सम्मान - 2025 प्रदान करके सम्मानित किया गया।

### भाजपा कार्यालय में पूर्व मंत्री गुप्ता ने सुनी समस्याएं

**हिसार।** जिला भाजपा कार्यालय में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से फोन पर बातचीत कर उनके समाधान की दिशा में कदम उठाए। इस अवसर पर रामचंद्र गुप्ता, प्रवीण जैन, सतीश सुरलिया, कृष्ण बिश्नोई, विनोद तोषावड़, रत्न सैनी, केपी गुप्ता, सुरेश गोयल (एलआईसी), गगन शर्मा, अनुज जैन, सजन शर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डस्टबिन न रखने 10 का काटा पर चालान

**हिसार।** नगर निगम ने सोमवार को नगर निगम की टीम ने आईजी चौक से दिल्ली रोड़ क्षेत्र पर अभियान चलाकर साफ-सफाई, डस्टबिन और कचरा प्रबंधन की स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान टीम ने पाया कि क्षेत्र में रेहड़ी संचालकों और दुकानदारों द्वारा डस्टबिन का उपयोग नहीं किया जा रहा था। स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने पर निगम ने कुल 10 व्यक्तियों के खिलाफ चालान जारी करते हुए 1000 रुपये का जुर्माना वसूला।

### बीड़ बबरान धाम के ताली कीर्तन में उमड़े श्रद्धालु

**हिसार।** बीड़ बबरान धाम द्वारा आयोजित ताली कीर्तन में काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। श्रद्धालुओं को अध्यात्म से जोड़ने के लिए शुरू किए गए ताली कीर्तन की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए नई सब्जी मंडी के गेट नं. 2 के पास स्थित ढाणी किशन दत्त जगतार बाग में भजन संध्या का आयोजन किया गया।

### एआई आधारित वर्कशॉप से लाभान्वित हुए सीए स्टूडेंट्स

**हिसार।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की संस्था एनआईआरसी हिसार ब्रांच द्वारा सीए स्टूडेंट्स को अपडेट करने के लिए शुरू की गई एआई वर्कशॉप का तीसरा चरण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस दो दिवसीय वर्कशॉप से सीए स्टूडेंट्स काफी लाभान्वित हुए। एनआईआरसी हिसार ब्रांच के चेयरमैन सीए अमन बंसल ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अंडरस्टैंडिंग फॉर राइजिंग अचीवर्स (औरा) वर्कशॉप प्रभावशाली सिद्ध हो रही है।

## डिपो संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी होगा

# राशन डिपो पर जांच के लिए पहुंची सीएम फ्लाइंग टीम, कई अनियमितताएं मिली

**खाद्य एवं आपूर्ति विभाग आगामी कार्रवाई अमल में लाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद



**नारनौंद।** राशन डिपो पर निरीक्षण करते हुए सीएम फ्लाइंग टीम इंचार्ज सुनैना व अन्य अधिकारी।

कस्बे में सोमवार को सीएम फ्लाइंग टीम खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के अधिकारियों के साथ वार्ड नंबर 4 स्थित एक राशन डिपो पर जांच के लिए पहुंची। इस दौरान डिपो पर कई तरह की अनियमितताएं सामने आईं। जिस पर डिपो संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा और उसके बाद खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जांच टीम में सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना, उनके साथ खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर संदीप, एएसआई सुरेंद्र तथा हेड कांस्टेबल विजय भी शामिल रहे।

**शिकायत पर पहुंची टीम**

जानकारी के अनुसार सीएम फ्लाइंग टीम को शिकायत मिली थी कि वार्ड नंबर 4 में सोनू नामक व्यक्ति द्वारा संचालित डिपो पर पात्र उपभोक्ताओं को राशन वितरण में अनियमितता बरती जा रही है। शिकायत के आधार पर सीएम फ्लाइंग टीम सोमवार को मौके पर पहुंची और डिपो को खुलवाकर स्टॉक व रिकॉर्ड की गहन जांच की। जांच के दौरान टीम ने पाया कि दूसरे वार्ड का राशन भी इस डिपो पर अटैच किया गया है।

मौके पर डिपो में गेहूं, चीनी, नमक तथा सरसों का तेल मौजूद था। हालांकि रिकॉर्ड के हिसाब से वहां 6 लीटर तेल कम निकला। इसके अलावा बड़ी गड़बड़ी यह सामने आई कि डिपो संचालक ने चीनी का स्टॉक डिपो से अलग दूसरी जगह पर रखा हुआ था, जिसकी सूचना विभाग को नहीं दी गई थी।

जांच पूरी होने के बाद टीम ने सारी जानकारी खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के उच्चाधिकारियों को भेज दी है। विभाग की ओर से डिपो संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा और नियमों के तहत आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**पात्र नागरिकों को सही समय पर मिले राशन**

*मौके पर मौजूद नागरिकों से बातचीत करते हुए सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने स्पष्ट कहा कि सरकार की ओर से साफ निर्देश हैं कि पात्र व्यक्तियों को समय पर और पूरी मात्रा में राशन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी डिपो संचालक यदि इसमें लापरवाही या अनियमितता करेगा तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी।*

# 'धन्यवाद मोदी जी' कार्यक्रम 14 को : मेयर



हिसार। बैठक को संबोधित करते मेयर प्रवीण पोपली।

- कार्यक्रम को लेकर मेयर प्रवीण पोपली ने पार्षदों के साथ बैठक की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए जीएसटी के ऐतिहासिक फैसले को लेकर मेयर प्रवीण पोपली ने पार्षदों के साथ बैठक की। बैठक बुलाने का उद्देश्य प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लिए गए फैसले पर उनका आभार जताने के लिए कार्यक्रम का आयोजन करने की रूपरेखा तैयार करना है।

मेयर प्रवीण पोपली ने पार्षदों को संबोधित करते हुए कहा कि 14 सितंबर को अग्रसेन भवन में 'धन्यवाद मोदी जी' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए सभी पार्षदों को इस कार्यक्रम के आयोजन करने के लिए दायित्व सौंपे गए है। उन्होंने पार्षदों से कहा कि आप सभी से अपेक्षा की अपने दायित्व को बखूबी निभाते हुए कार्य करेंगे तो यह एक सफल आयोजन होगा।

**ये रहे मौजूद**

बैठक के दौरान पार्षद राजेश अरोड़ा, पार्षद संजय डालमिया, पार्षद मोहित सिंघल, पार्षद डॉ. सुमन यादव, पार्षद नवीन, पार्षद भीम महाजन, मनोनीत पार्षद गगन शर्मा, सूरजीत सैनी, सुरेश जागड़ा, पूर्व पार्षद पिंकी शर्मा, अनिल जैन, उमेद खन्ना आदि मौजूद रहे।

# समस्या का समाधान नहीं होने पर जन स्वास्थ्य मंत्री को करेंगे शिकायत

*पार्षद की शिकायत पर भी जनस्वास्थ्य विभाग ने नहीं दिखाई गंभीरता*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

नगर निगम क्षेत्र के वार्ड नंबर 8 में शिव मंदिर के लोग इन दिनों गंदे पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि लोगों घरों में कैद हो गए हैं। गंदे पानी की निकासी नहीं होने से न तो क्षेत्रवासी बदबू के कारण घर में रह सकते हैं और न ही घर से बहार निकाल पाते हैं। क्षेत्रवासियों को आरोप है कि कई बार अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी सुनवाई नहीं हो रहीं है। लोगों का कहना है कि वह इस समस्या को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों तक अपनी शिकायत पहुंचा चुके हैं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हुई। लगातार जमा गंदा पानी बच्चों के आवागमन को लेकर भी खतरा बना हुआ है। सूचना मिलने पर वार्ड 8 से नगर पार्षद रवि सैनी जमालपुरिया मौके पर पहुंचे और गली की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से समस्या का समाधान करने की मांग की। पार्षद रवि सैनी जमालपुरिया ने कहा कि इस गली की समस्या को लेकर मैं कई बार अधिकारियों को अवगत करवा चुका हूं। जनता ने मुझे प्रतिनिधि चुना है, इसलिए मैं उनकी समस्याओं को दूर करवाने के लिए हमेशा तत्पर हूं। लेकिन बार-बार बताने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हो रही। पार्षद ने चेतावनी दी कि यदि समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वह संबंधित विभाग के मंत्री से मिलकर लोगों की परेशानी को दूर करने की मांग करेंगे व अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो वार्ड वासियों को साथ लेकर जन स्वास्थ्य विभाग के बाहर धरना देंगे।



**हिसार।** गंदे पानी की समस्या दिखाते पार्षद रवि सैनी जमालपुरिया।

# होली चाइल्ड स्कूल समूहगान प्रतियोगिता में विजेता

## विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

भारत विकास परिषद की ओर से आयोजित समूहगान प्रतियोगिता में होली चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबंध निदेशक आरएस सिंधु ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। प्रधानाचार्या अनीता पन्नू दलाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों को रचनात्मक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए भी प्रोत्साहित किया जाता है। उन्होंने इस सफलता में संगीत शिक्षक बलराम और प्रियांशु के प्रयासों की विशेष सराहना की।



हिसार : विजेता प्रतिभागी प्रबंध निदेशक, प्रधानाचार्या एवं संगीत शिक्षकों के साथ। फोटो : हरिभूमि

**इन्होंने लिया हिस्सा**

प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों आलोक, हिमांशी, अमन, मिष्टी, संजना और सिमरन ने अपनी शानदार गायन प्रतिभा का प्रदर्शन कर निर्णायक मंडल और दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर विजेता टीम को शुभकामनाएं दीं।

# आरडीएम में शिक्षक दिवस मनाया



**उकलाना।** सम्मानित करते चेयरमैन डॉ. केसी शर्मा।

**उकलाना।** आरडीएम सरस्वती पब्लिक स्कूल में' शिक्षक दिवस ' धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सभी अध्यापकों व अध्यापिकाओं को उनके स्वभाव के अनुरूप चुटीले टाइटल देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। संस्था के चेयरमैन डॉ. केसी शर्मा, प्रधानाचार्या शालू एस कटारिया, अध्यापक वृंद और सभी छात्र उपस्थित रहे। ग्यारहवीं कक्षा के छात्रों ने और छोटे -छोटे बच्चों ने शिक्षकों को समर्पित नृत्य और गायन प्रस्तुत करके शिक्षकों को सम्मानित किया। डॉ. शर्मा ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि गुरु का दर्जा तो भगवान से भी बड़ा माना जाता है। उन्होंने सभी शिक्षकों को उपहार देकर सम्मानित किया।

# जिन गाड़ियों का है चालान, हो जाएं सावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



अमित यशवर्धन,एसपी, हांसी।

- समयावधि में चालान नहीं भरा तो वाहन होगा जब्त : एसपी

पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा है कि अगर कोई वाहन चालक चालान की समयावधि के अंदर चालान राशि जमा नहीं करवाता तो उस वाहन को पुलिस ने नियंत्रण या हिरासत में लिया जाएगा। यह सख्त कदम उन लोगों के लिए है, जो चालान कटने के बाद उसे लंबे समय तक नजरअंदाज करते है।

उन्होंने बताया कि चालान कटने के बाद भी लोग इसे कई सालों तक नहीं भरते। चालान भरने में देरी करने वाले चालकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए अब नियमों को और सख्त कर दिया गया है।

चालान कटने के 60 दिन के बाद वो चालान वर्चुअल कोर्ट में चला जाता है। इस हिसाब से अगर आप ऑनलाइन चालान भरना चाहते हैं तो आपके पास 60 दिन का टाइम होता है।

पुलिस अधीक्षक ने कहा है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करना हर नागरिक की जिम्मेदारी है।

यह न केवल सड़क पर अनुशासन बनाए रखता है, बल्कि सभी यात्रियों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करता है। नियमों का पालन करने से न केवल चालान से बचा जा सकता है, बल्कि सड़क पर सुरक्षित यात्रा का अनुभव भी होता है।

**चालान प्रक्रिया को आसान बनाने के प्रयास**

*ट्रैफिक पुलिस अब चालान प्रक्रिया को डिजिटल बना रही है। ई-चालान प्रणाली के जरिए वाहन मालिक अपने चालान को ऑनलाइन देख सकते हैं और उसका भुगतान भी कर सकते हैं। इससे चालान प्रक्रिया पारदर्शी और आसान हो गई है। एसपी ने कहा है कि वाहन चालक अपने वाहन के दस्तावेज ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन पंजीकरण, बीमा, पॉल्यूशन आदि पूर्ण डाक्यूमेंट्स साथ रखें।*

# राज्य स्तरीय योगासन चैम्पियनशिप में हिसार ने जीते आठ पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

जींद में आयोजित राज्य स्तरीय योगासन चैम्पियनशिप में हिसार के योग साधकों ने अपनी चमक बिखेरते हुए 8 पदक जीतकर जिले का गौरव बढ़ाया । भारत स्वाभिमान एवं पतंजलि योग समिति के प्रवक्ता सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी ने बताया कि प्रतियोगिता में हिसार का प्रतिनिधित्व करते हुए पतंजलि परिवार की स्थाई योग कक्षा, सूरजमल एंक्लेव पार्क नंबर-1 के योग साधकों ने किया। योग प्रतियोगिता हैंड बैलेंस में गोल्ड, लेग बैलेंस में सिल्वर व फार्वड बैंडिंग में ब्रोंज मेडल प्राप्त किए। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में सम्मान समारोह, प्रसाद वितरण, यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन में किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से योग शिक्षक राजेश सिंगल, नरेंद्र सिंह, रेखा गौतम एवं नीतू के योगदान की सराहना की गई।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर भारत स्वाभिमान हरियाणा के प्रांतीय प्रभारी ईश आर्य, महेन्द्र मलिक, सुरेन्द्र पानू हिन्दुस्तानी, डॉ. मुकेश कुमार, विरेन्द्र बड़ाला, बसंत कोच, राजकंवर, नरेन्द्र, वजीर मोर, राजेश सिंगल, युद्धवीर पानू, दीपक काजल, शमरोर पुनियां, देवीलाल, सुनील सिन्धु गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

**युवा वर्ग समाज में परिवर्तन की सशक्त कड़ी**

# कॉलेज छात्र बनेंगे स्वच्छता के वॉलंटियर्स शहरवासियों को करेंगे जागरूक



- गुरु गोरखनाथ गवर्नमेंट कॉलेज में स्वच्छता अभियान को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम द्वारा गुरु गोरखनाथ गवर्नमेंट कॉलेज में स्वच्छता अभियान को लेकर बैठक की। बैठक में निगमायुक्त नीरज, अतिरिक्त आयुक्त शालिनी चेतल और कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. विवेक कुमार सैनी मौजूद रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता अभियान में युवाओं की भागीदारी। निगमायुक्त ने कहा कि नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान को नई ऊर्जा और दिशा देने के उद्देश्य से विभिन्न स्तरों पर तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। निगम प्रशासन न केवल सफाई कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है, बल्कि नागरिकों को जागरूक करने के लिए भी व्यापक स्तर पर प्रयास कर रहा है। स्वच्छता को लेकर चल रही इस विशेष मुहिम के अंतर्गत शहर के सभी वार्डों, प्रमुख सार्वजनिक स्थलों, गलियों और बाजारों में सफाई का कार्य जोरों पर है। निगमायुक्त ने कहा कि इस अभियान को और अधिक प्रभावशाली बनाने के लिए नगर निगम ने जागरूकता कार्यक्रमों की श्रृंखला भी शुरू की है।

## शिविर में महिलाओं की आधार अपडेट व राशन कार्ड की शिकायतें सुलझीं

# समाधान शिविर पहुंचा जमीन के ऑनलाइन रिकॉर्ड गड़बड़ी मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

उपमंडल परिसर में आयोजित समाधान शिविर में लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं रखीं। इस दौरान कई शिकायतें सामने आई, लेकिन सोमवार को समाधान शिविर में महिलाओं की समस्याओं पर तुरंत कार्यवाही भी की गई। समाधान शिविर में हांसी क्षेत्र की एक महिला पिछले कई दिनों से परिवार पहचान पत्र में अधिक इनकम दिखाए जाने की समस्या को लेकर बार-बार चक्कर काट रही थी। लेकिन सोमवार को आयोजित समाधान शिविर में तहसीलदार दयाचंद ने उसकी शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल समाधान करवाया। इससे महिला ने राहत की सांस ली। शिविर में जगदीश कॉलोनी निवासी एक महिला ने बताया कि वह तीसरी बार राशन कार्ड की समस्या को लेकर समाधान शिविर में आई है। इस पर तहसीलदार ने संबंधित अधिकारियों को तुरंत कार्रवाई कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



हांसी। समाधान शिविर में महिला की शिकायत सुनते नायब तहसीलदार दयाचंद

**बुजुर्ग ने बताई इंतकाल दर्ज कराने की समस्या**

*शिविर के दौरान ढाणी पाल निवासी एक बुजुर्ग व्यक्ति ने बताया कि काफी समय से वे अपने भूमि से संबंधित इंतकाल दर्ज करवाने के लिए चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। बुजुर्ग का कहना था कि इंतकाल दर्ज न होने के कारण उन्हें कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा हैइसके अतिरिक्त भी समाधान शिविर में कई ओर भी मुद्दे सामने आए, जिन पर प्रशासन ने कार्रवाई का आश्वासन दिया।*

**जलभराव से पूरी फसल तबाह हो चुकी**

समाधान शिविर में चैनत से आई महिला धनपति ने बताया कि उनके खेतों में जलभराव से पूरी फसल तबाह हो चुकी है। लेकिन जब वह क्षतिपूर्ति पोर्टल पर मुआवजा आवेदन अपलोड करती हैं, तो उनकी जमीन किसी अन्य व्यक्ति के नाम से दिखती है। इस पर तहसीलदार दयाचंद ने बताया कि ऐसे मामलों में ग्रीवांस दर्ज करनी होती है। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी लगभग तीन ऐसी समस्याएं आ चुकी हैं, जिनका निपटारा किया जा चुका है। उन्होंने महिला को समस्या का जल्द समाधान किए जाने का

**आधार कार्ड अपडेट को लेकर दी जानकारी**

आधार कार्ड अपडेट को लेकर समाधान शिविर में कई लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएँ तहसीलदार के सामने रखीं। विशेष रूप से कुछ नागरिकों ने यह शिकायत की कि उनके आधार कार्ड में संशोधन का कार्य समय पर पूरा नहीं हो पा रहा है। इस पर तहसीलदार दयाचंद ने उपस्थित लोगों को विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए उपमंडल परिसर में स्थित डाकघर में आधार कार्ड अपडेट सेंटर चलाया जा रहा है। इसके अतिरिक्त, हांसी के बीडीपीओ कार्यालय में भी तीन मशीनें लगाई गई हैं, जिनकी मदद से आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि, मोबाइल नंबर और अन्य जरूरी विवरणों को सही करवाया जा सकता है। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिन व्यक्तियों को आधार कार्ड अपडेट संबंधी कठिनाई आ रही है, वे सीधे इन केंद्रों पर जाकर अपनी समस्या का समाधान करवा सकते हैं। तहसीलदार ने यह भी आश्वासन दिया कि इन केंद्रों पर नियमित रूप से प्रशिक्षित कर्मचारी तैनात किए गए हैं, ताकि आने वाले प्रत्येक व्यक्ति को उचित मार्गदर्शन और त्वरित सेवा मिल सके।